CRPF conducts sessions with audio visual aids in Schools

Igniting spark of brighter future in naxals affected Saranda of Jharkhand, 197 Bn of CRPF conducts sessions with audio aids in Schools to reduce drop out rate & absenteeism.

संतोष वर्मा

चाईबासा सीआरपीएफ 197 के थलकोबाद विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में हो रही लगातार कमी को लेकर सीआरपीएफ 197 के कमांडेंट परम शिवम के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशों के अनुसार सीआरपीएफ 197 के थलकोबाद स्थित कैंप के अधिकारी सहायक कमांडेंट अविनाश भुषण द्वारा शनिवार को विद्यर्थियों की संख्या में वृद्धी एवं स्कूल आने हेतु प्रोत्साहित करने की दिशा में क़दम उठाते हुए विद्यालय में विज्ञान, गणित आदि विभिन्न विषयों पर कक्षा चलाई गई तथा कार्टून फ़िल्म दिखाया गया.

जिससे बच्चों के स्कूल आने की इच्छाशक्ति को बढ़ाया जाए तथा विभिन्न विषयों की व्यापक जानकारी दी जा सके। इसके अलावा छात्रों को भविष्य के लिए कैरियर काउंसिलिंग भी की गई.

परम शिवम कमांडेंट के निर्देशानुसार भविष्य में प्रत्येक माह में दो बार इस प्रकार की व्यवस्था कि जाएगी. जिससे सुदुरस्थ इस वन ग्राम को शिक्षा की ज्योति से प्रकाशित किया जा सके तथा नई पीढ़ी को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया जाए. जिससे अगली पीढ़ी इतने समझदार हो सकें कि नक्सलवाद के अंधकार की तरफ न जाएं.